हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 25 अक्टूबर 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 किसानों को कम पानी वाली फसल लगाने की दी जा रही समझाइश



10 49.90 लाख खर्च, पर नहीं बदली तस्वीर दस से अधिक गांवों को ...



खबर संक्षेप

4 फीट लंबा कोबरा देख मचा हड़कंप

नर्मदापुरम। रूपापुर गांव में घर के अंदर काम कर रही एक महिला की नजर अचानक करीब 4 फीट लंबे कोबरा पर पड़ी। सांप दीवार के सहारे घर की मघरी पर चढ़ गया था। उसे देखते ही परिवार में हड़कंप मच गया। ग्राम रूपापुर निवासी अंशुल चौरे ने तुरंत सर्प रेस्क्यू टीम को सूचना दी। वनपरिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा के निर्देश पर टीम के सदस्य अभिजीत यादव, अभय चौरे, दीपक पवार, गोलू यादव और देबू चौरे मौके पर पहुंचे।

सिंचाई परियोजना में देरी से नाराज किसानों ने किया प्रदर्शन

नर्मदापुरम। जिले के केसला ब्लॉक में देवरी (दोंडी झुनकर) सिंचाई परियोजना में देरी से नाराज किसान और आदिवासी ग्रामीण शनिवार शाम पथरोटा स्थित तवा नहर में उतरकर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के बीच अधीक्षण यंत्री प्रतिभा सिंह भी मौके पर पहुंचीं। देवरी सिंचाई परियोजना को 2023 में 154.33 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली थी। इसके तहत तवा बांध से पानी लिफ्ट कर 35 गांवों तक सिंचाई की सुविधा पहुंचाई जानी है।

सामान्य वनमंडल और एसटीआर में वनरक्षक के 56 पदों की भर्ती प्रक्रिया जारी

डीएफओ ने दिखाई हरी झंडी, वन रक्षक बनने की चाह में दौड़े 83 अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सामान्य वनमंडल और एसटीआर में वनरक्षक के 56 पदों की भर्ती प्रक्रिया जारी है, जिसके तहत शनिवार को सुबह 6 बजे से 14,25 किमी की दौड़ हुई। DFO गौरव शर्मा ने डिवीजन कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर 85 युवक-युवती अभ्यर्थियों को पैदल दौड़ के लिए रवाना किया। जिसमें 64 पुरुष, 21 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। दौड़ में 85 में से 83 अभ्यर्थियों ने निर्धारित समय में दौड़ पूरी कर ली। 2 अभ्यर्थी समय खत्म होने के 5 मिनट बाद पहुंचे। जिस कारण उन्हें डिस्क्वालीफाई किया गया। दौड़ में खास बात यह रही कि 14 एक्स आर्मीमैन शामिल हुए और IFS DFO गौरव शर्मा, प्रशिक्षु IFS प्रज्वल चौरसिया भी अभ्यर्थियों के साथ दौड़े। ताकि अभ्यर्थियों का हौसला बढ़े और वे थकें नहीं। डीएफओ गौरव शर्मा ने 3 घंटे 20 मिनट में 25 किमी की दूरी तय की। पुरुष अभ्यर्थियों को 25 किमी और महिला अभ्यर्थी को 14 किमी का सफर 4 घंटे में तय करना है। महिला अभ्यर्थियों का रूट DFO कार्यालय से जासलपुर, जासलपुर से DFO कार्यालय तक और पुरुष अभ्यर्थियों का DFO कार्यालय से तवा पुल, तवा पुल से DFO कार्यालय तक है।



डीएफओ ने बढ़ाया उत्साह

डीएफओ गौरव शर्मा और प्रशिक्षु आईएफएस प्रज्वल चौरसिया के साथ दौड़ने से अभ्यर्थियों का हौसला बढ़ा। साथ ही वे डीएफओ और प्रशिक्षु आईएफएस से कॉम्पीटीशन कर आगे रहने के लिए दौड़े। इस दौरान डीएफओ ने अभ्यर्थीयों को तेजी से आगे बढ़ने और लक्ष्य तक पहुंचने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया।

डीएफओ ने दिए टिप्स



2016 बैच के आईएफएस डीएफओ गौरव शर्मा ने बताया कि मैं रोजाना 5 से 10 किमी दौड़ता हूं। इसलिए मुझे 25 किमी दौड़ने में कोई समस्या नहीं हुई। लेकिन डीएफओ द्वारा निर्धारित समय से पहले 25 किमी की दौड़ पूरी करने से मौजूद एसडीओ, रेंजर, डिप्टी रेंजर और वनरक्षक भी अचंभित रह गए। डीएफओ ने सभी से कहा कि हमारी नौकरी जंगल की है। इसके लिए हमेशा फीट रहना जरूरी है। स्वस्थ रहने के लिए फीट होना जरूरी है।

109 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

डीएफओ गौरव शर्मा ने बताया एसटीआर और टेरिटोरियल फॉरेस्ट के 56 वनरक्षक पदों के लिए 109 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन हुआ है। शुक्रवार को डीएफओ कार्यालय में दस्तावेज वेरिफिकेशन, शारीरिक माप और बायोमेट्रिक टेस्ट हुआ। डीएफओ के निर्देशन में सिटी मजिस्ट्रेट सीमा बडोले, एसडीओ अनिल विश्वकर्मा, सहायक संचालक एसटीआर मुकेश कुमार जामोर, हीरालाल पटेल ने अभी टेस्ट कराएं।

अवैध मदिरा और महुआ लाहन सहित अन्य सामग्री जब्त की

आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में केसला ब्लॉक के ग्राम केसला, सहेली, कालाआखर, जामुनडोल, धार, पीपखेड़ा एवं आसपास के क्षेत्रों में आबकारी अमले द्वारा दबिश देने के साथ सघन गश्त की कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 7 प्रकरण दर्ज किए गए। आबकारी अमले ने कार्रवाई में 60 क्वार्टर देशी प्लेन मदिरा, 18 केन बीयर, 35 क्वार्टर व्हिस्की,



लगभग 130 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 12 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त की। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग 27,900 रुपये आंका गया है।

'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' थीम पर पांच विधाओं में होंगी प्रतियोगिताएं

नर्मदापुरम। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा युवाओं की रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले में 28 अक्टूबर को जिला स्तरीय युवा उत्सव 2027 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। इस वर्ष युवा उत्सव की थीम 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' रखी गई है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस युवा उत्सव का उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना, भारतीय कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देना तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना है।

ग्रामीण अंचलों में उपासना के बाद किया जवारों का विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के विभिन्न क्षेत्रों में सनातन परिवारों में जवारों की स्थापना नवरात्र पर्वों में की गई थी। नवमीं तिथि उपरांत लगातार जवारों का विसर्जन जारी है। शनिवार को भी जवारों के विसर्जन की शोभायात्राएं शहर के मुख्य बाजार में निकाली गई। और खेड़ापति मंदिर मातापुरा तक जवारों को ले जाया गया। यहां से जवारे विसर्जन के लिए ले जाए गए। यह क्रम पूर्णिमा तक जारी रहेगा।

डॉ. प्रज्ञा साहू बनीं ईएनटी विभाग की विशेषज्ञ सर्जन नर्मदांचल का बढ़ाया मान, नागरिकों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अधिवक्ता रमेश के. साहू एवं सविता आर. साहू की सुपुत्री डॉ. प्रज्ञा (सलोनी) साहू ने एमएस (ईएनटी) की परीक्षा उच्च अंकों से उत्तीर्ण कर नर्मदांचल क्षेत्र, समाज और परिवार का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों, शुभचिंतकों एवं सामाजिक संगठनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

डॉ. प्रज्ञा साहू को एम्स भोपाल में सेवाएं देने के दौरान नीट चयन प्रक्रिया के माध्यम से इंदौर के अरविंदो मेडिकल कॉलेज में नाक, कान एवं गला (ईएनटी) सर्जरी की विशेषज्ञ शाखा में प्रवेश मिला था। अब उन्होंने एमएस (ईएनटी) की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर विशेषज्ञ सर्जन बनने की उपलब्धि हासिल की है। उक्त जानकारी चार्टर्ड अकाउंटेंट गौरव साहू ने साझा की। डॉ. प्रज्ञा (सलोनी) साहू की इस सफलता पर इटारसी के चूनावाला साहू परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं प्राप्त हो रही हैं। शुभचिंतकों और सामाजिक संगठनों ने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. प्रज्ञा अपनी विशेषज्ञता, सेवाभाव और समर्पण के माध्यम से चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर समाज को लाभान्वित करेंगी। उनकी यह उपलब्धि परिवार सहित पूरे नर्मदांचल के लिए गर्व का विषय है।



श्री अरविंदो मेडिकल कॉलेज इंदौर के ईएनटी विभाग के हेड ऑफ डिपार्मेंट डॉ. मुंजाल के साथ डॉक्टर प्रज्ञा सलोनी साहू इटारसी

विधायक की उपस्थिति में पुरानी इटारसी में सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुरानी इटारसी के वार्ड क्रमांक 04 में श्री देवल मंदिर से सरदार पटेल स्कूल होते हुए भरत सिंह राजपूत के निवास तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा रहे और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने अध्यक्षता की। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने पुरानी इटारसी बस स्टैंड के पुनः संचालन और क्षेत्र में हुए अन्य विकास कार्यों का उल्लेख किया। नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने



शहर के शेष विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करने और पेयजल समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए दो अन्य सड़कों के निर्माण की मांग रखी और बस स्टैंड का संचालन पुरानी इटारसी में ही बनाए रखने का निवेदन किया। इस अवसर पर जयकिशोर चौधरी, वार्ड पार्षद शिवकिशोर रावत सहित जनसंघ के वरिष्ठ नेता, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक व मातृशक्ति उपस्थित रहे।

व्यापारियों की समस्याओं का हो समाधान, पहले दें समझाइश और नोटिस फिर करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर में स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने और स्थानीय व्यापारियों के हितों का ध्यान रखने के उद्देश्य से व्यापारी कल्याण महासंघ ने नपा अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख को ज्ञापन सौंपा है। महासंघ के प्रतिनिधियों का कहना है कि सभी व्यापारी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में नगर पालिका प्रशासन का पूरा सहयोग करने के लिए तत्पर हैं।

हालांकि, हाल ही में दुकानों पर अचानक भारी जुर्माने की कार्रवाई की गई है। व्यापारियों ने निवेदन किया है कि सीधे चालान काटने से पहले दुकानदारों को समझाइश और



सुधारात्मक नोटिस दिए जाएं, ताकि वे स्वच्छता नियमों का सही से पालन कर सकें और संवाद के जरिए समस्याओं का सहयोगात्मक समाधान निकाला जा सके। व्यापारियों ने सीएमओ से शहर में पार्किंग व्यवस्था एवं बाजार क्षेत्र के कुछ कांपलेक्स जर्जर स्थिति इसको लेकर भी चर्चा की गई । सीएमओ देशमुख ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और विचार करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही नियम अनुसार जुर्माना वसूलने और कर्मचारियों द्वारा परेशान न करने की बात भी कही है। इस दौरान व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष महेंद्र चौकसे एल्डरमैन रामचंद्र नवलानी, देवेंद्र गिल्ला,राजेश राठौर, उदित द्विवेदी, दीपक हेमनानी, जाकिर खान, सुरेश माखीजा, निर्दोष जैन आदि मौजूद रहे।

एशियाड पदक विजेता हर्षिता के आगमन पर होगा स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जापान में हुए 20 वें एशियाई खेलों में ब्रांज मैडल अर्जित कर गांव, नगर, प्रदेश एवं देश को गौरवान्वित करने वाली शहर की बिटिया हर्षिता तोमर रविवार को नर्मदा पुरम पहुंच रही हैं। हर्षिता के प्रथम गुरू तथा तैराकी प्रशिक्षक उमाशंकर व्यास ने बताया कि रविवार को प्रातः10 बजे हर्षिता का भोपाल तिराहे से औपचारिक स्वागत किया जाएगा। उपरांत जुलूस के रूप में रामजी बाबा समाधि के दर्शन करते हुए सतरास्ते पर माता महाकाली एवं हनुमान जी महाराज आशीर्वाद के बाद नेहरू चौक, सराफा चौक होते हुए माँ नर्मदा की पूजा के पश्चात मध्यप्रदेश ट्राईथलान संघ के चेयरमेन तथा विधायक विजयपाल सिंह के कार्यालय में स्वागत सम्मान होगा। इसके बाद पैतृक गांव रैसलपुर के लिए प्रस्थान करेंगी। इस दौरान नर्मदांचल के समस्त खिलाड़ियों,खेलप्रेमी नागरिक एवं संस्थाओं से हर्षिता तोमर के स्वागत व उत्साह वर्धन के लिए रविवार भोपाल तिराहे पर उपस्थित होने की बात कही है।



बैठक में माया नारोलिया ने उठाया आदमगढ़ और ग्वालटोली रेलवे पुलिया का अहम मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल क्षेत्र अंतर्गत आयोजित सांसदों की बैठक में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने नर्मदापुरम की आदमगढ़ रेलवे पुलिया एवं ग्वालटोली रेलवे पुलिया में सुधार कार्य कराने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि इन दोनों स्थानों पर आवश्यक सुधार कार्य किए जाएं, जिससे क्षेत्र के नागरिकों का आवागमन सुनिश्चित एवं सुगम हो सके। नारोलिया ने रेल प्रशासन से कहा कि इन पुलियों से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए राज्य शासन के साथ समन्वय स्थापित किया जाए। रेल प्रशासन



एवं राज्य शासन के संबंधित अधिकारी संयुक्त रूप से दोनों पुलियों का निरीक्षण करें और स्थानीय परिस्थितियों का आकलन कर आवश्यक सुधार कार्यों की दिशा में प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने जोर दिया कि सुधार कार्य के दौरान क्षेत्र में रहने वाले लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को आने-जाने में असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने अपने संसदीय क्षेत्र से जुड़ी रेलवे की अन्य समस्याओं को भी प्राथमिकता से उठाया। उन्होंने क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार, यात्रियों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में पश्चिम मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की।

सेठानी घाट पर शराबियों पर अंकुश लगाने की हुई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सेठानी घाट से कुछ दूर गोल घाट के पास मां नर्मदा नदी किनारे तीन लोगों के शराब पीने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। हिंदू संगठनों ने इस पर आपत्ति जताते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि घाट पर नशा करने वालों के कारण महिलाओं को बैठने में परेशानी होती है। कोतवाली पुलिस ने वीडियो के समय और उसमें दिख रहे लोगों की पहचान कर कार्रवाई की बात कही है। आलोक शर्मा और धीरज चौकसे ने कहा कि नर्मदा किनारे शराब पीने से नदी की पवित्रता प्रभावित होती है। उन्होंने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेने और ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की। कोतवाली थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि पुलिस यह



पता लगाएगी कि वीडियो कब का है और उसमें दिखाई दे रहे लोग कौन हैं। पहचान होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार, नर्मदा नदी किनारे से 5 किलोमीटर के दायरे में शराब बेचने पर रोक है। नर्मदापुरम शहर में अधिकृत शराब दुकान नहीं है, लेकिन अवैध शराब बिक्री जारी होने के आरोप हैं। खुले में शराब पीने पर प्रतिबंध के बावजूद घाट किनारे ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं।

कृषि वैज्ञानिकों के सौर ऊर्जा के समन्वय पर किया विचार-विमर्श

भारत मंडपम नई दिल्ली में हुई कृषि पर वैश्विक कॉन्फ्रेंस मप्र से सम्मिलित हुए सोहागपुर के कृषक सुभाष पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नई दिल्ली के भारत मंडपम में उन्नत, जैविक एवं प्राकृतिक कृषि आधारित विश्व स्तरीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन 21 से 23 अक्टूबर 2026 तक किया गया। जिसमें मप्र के प्रतिनिधि के रूप में सोहागपुर के प्राकृतिक खेती प्रशिक्षक एवं उन्नत कृषक सुभाष पटेल सम्मिलित हुए।

हरिभूमि से चर्चा में सुभाष पटेल ने बताया कि भारत मंडपम नई दिल्ली में सातवीं एग्रीवॉलटेइक्स वर्ल्ड कॉफ्रेंस में मध्य प्रदेश के किसानों के साथ सम्मिलित होने का गौरवपूर्ण अवसर मिला। इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत के विभिन्न राज्यों से आए किसान एवं विदेशों से आए कृषि वैज्ञानिकों के साथ खेती और सौर ऊर्जा के समन्वय पर विचार-विमर्श हुआ। जहां बताया गया है कि कृषि के साथ सौर ऊर्जा से उत्पादन किसानों की आय बढ़ाने की नई दिशा बनेगा। एग्रीवोल्टेइक्स ऐसी आधुनिक कृषि



प्रणाली है, जिसमें खेती के साथ सौर ऊर्जा का उत्पादन भी किया जा सकता है। इससे भूमि का बेहतर उपयोग, किसानों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर तथा टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिल सकता है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सहभागिता से कृषि के नवीनतम आयामों को समझने और प्राकृतिक खेती के साथ आधुनिक तकनीक के समन्वय की प्रेरणा प्राप्त हुई। प्राकृतिक खेती, स्वच्छ ऊर्जा व समृद्ध किसान, आत्मनिर्भर भारत की पहचान का संदेश दिया गया था।

आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं यूनानी औषधियों का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

उच्च न्यायालय, जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नर्मदापुरम के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर भवन में आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आयुष अधिकारी डॉ. एस.आर. करोंजिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्यायालय के अधिकारी-कर्मचारी तथा आयुष विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान कुल 168 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकता के अनुसार आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं यूनानी औषधियों का वितरण किया गया।

खबर संक्षेप

लमटी हनुमान मंदिर में पूजा करने से मिलता है स्वास्थ्य लाभ



शाहपुर। सिद्ध स्थल लमटी हनुमान मंदिर आमढाना शाहपुर के मंदिर में लगभग 2 माह से रुके मरीजों के द्वारा बताया गया कि भगवान हनुमान जी की पूजा अर्चना विधि विधान से करने पर उन्हें स्वास्थ लाभ प्राप्त हुआ। वे अभी दो माह बाद अपने घर को प्रस्थान करेंगे। देविका, बिंदिया और नंद राम द्वारा बताया गया कि उनके शरीर में विभिन्न प्रकार की परेशानियां हो रही थी। उन्होंने यहां पहुंचकर भगवान की पूजा अर्चना पूरे लगन और विधि विधान से की। वह आज स्वस्थ हैं। सिद्ध स्थल लमटी हनुमान मंदिर की शक्ति अपार है और उनके मंदिर के द्वार से कोई भी निराश होकर नहीं लौटता, ऐसा यहां पर आने वाले लोगों का कहना है और लोग इस बात को मानते भी हैं। मंदिर के पुजारी पंडित सचिन परसाई द्वारा भी बताया गया कि यहां पर पूरे वर्ष भर मरीज अपनी इच्छा अपने मन से अपनी परेशानी लेकर हनुमान मंदिर में आते हैं और धर्मशाला में रुककर पूजा अर्चना करते हैं और उन्हें स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है।

एसडीएम ने विस्फोटक सामग्री के भंडारण स्थल का किया निरीक्षण



बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डॉ. अभिजीत सिंह द्वारा विस्फोटक सामग्री के भंडारण स्थल का निरीक्षण कर जांच की गई। निरीक्षण के दौरान विस्फोटक सामग्री के भंडारण, सुरक्षा व्यवस्था एवं संबंधित नियमों के पालन के संबंध में आवश्यक जांच की गई। इस दौरान सुरक्षा मानकों तथा निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

हरिमऊ स्कूल को मिली 39 टेबल-बेंच की सौगात



भैंसदेही। शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल करते हुए जिला खाद्य बीज विक्रेता संघ विकासखंड भैंसदेही द्वारा शासकीय स्कूल को टेबल-बेंच भेंट की गई। 23 अक्टूबर को ई.पी.एस. शाला हरिमऊ, संकुल केंद्र खामला, विकासखंड भैंसदेही में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए संघ द्वारा 39 टेबल एवं बेंच प्रदान की गई। लंबे समय से स्कूल में फर्नीचर की कमी के चलते बच्चों को बैठने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, इस सहयोग से अब बैठने की व्यवस्था बेहतर होगी और बच्चों को पढ़ाई में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृषि अधिकारी विकास बामने, ब्लॉक अध्यक्ष रमेश देशमुख, राजेंद्र देशमुख, हरीश राठौर, अनुष राठौर, निखिल राठौर उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि शिक्षा के विकास में इस तरह का सहयोग समाज के लिए प्रेरणादायी है और अन्य संगठनों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति समग्र शिक्षा, ईपीएस शासकीय माध्यमिक शाला हरिमऊ के अध्यक्ष/सचिव एवं प्रभारी प्रधान पाठक ने जिला खाद्य बीज विक्रेता संघ विकासखंड भैंसदेही का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ के इस सहयोग से स्कूल के शैक्षणिक वातावरण में सुधार आएगा।

डैम में नहाने उतरे व्यक्ति की डूबने से मौत

भौंरा। नर्सरी के पास भौराढाना में शुक्रवार दोपहर खेत में बने डैम में नहाने उतरे 58 वर्षीय रामदास यादव की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। शनिवार को बैतूल से पहुंची टीम और गोताखोरों की मदद से करीब 24 घंटे बाद दोपहर 3 बजे उनका शव डैम से बाहर निकाला गया।

सिंचाई संकट से बदलेगा फसलों का रकबा

किसानों को कम पानी वाली फसल लगाने की दी जा रही समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



जिले में इस बार अल्पवर्षा के कारण रबी सीजन में सिंचाई के पानी का संकट गहराने की आशंका है। इसका असर बोवनी के लक्ष्य पर पड़ा है। कृषि विभाग ने रबी में गेहूं का रकबा पिछले साल की अपेक्षा 86 हजार हेक्टेयर घटाकर लक्ष्य तय किया है, वहीं कृषि विभाग द्वारा चना, सरसो, मसूर, मटर और अलसी जैसी कम पानी में तैयार होने वाली फसलों का रकबा बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। जिले में पिछले साल करीब 3 लाख 68 हजार 496 हेक्टेयर में रबी फसलों की बोवनी हुई थी, जो इस साल घटाकर 3 लाख 40 हजार 500 हेक्टेयर कर दिया गया है। इसका एक कारण यह भी है कि कम बारिश के कारण जिले की नदियों की धार अभी से कमजोर पडऩे लगी है। जलस्रोतों में पर्याप्त पानी नहीं है। ऐसे में रबी फसलों को समय पर सिंचाई मिलना चुनौती बन सकता है। गेहूं में पलेवा के बाद आमतौर पर दो से तीन बार सिंचाई की जरूरत पड़ती है। चना, मसूर सीमित पानी में भी तैयार हो सकती हैं। पानी की उपलब्धता को देखते हुए विभाग ने फसलवार बोवनी के लक्ष्य बदले हैं।

गेहूं में पलेवा के बाद दो से तीन पानी की जरूरत

गेहूं में पलेवा के बाद दो से तीन सिंचाई की जरूरत होती है, जबकि चना और मसूर कम पानी में तैयार हो सकते हैं। इस बार डेम-तालाबों में कम पानी और ट्यूबवेल से पर्याप्त जल नहीं मिलने की आशंका ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। समय पर सिंचाई नहीं होने से गेहूं के उत्पादन पर असर पड़ सकता है। इसलिए कृषि विभाग किसानों को पानी की उपलब्धता के अनुसार फसल चुनने की सलाह दे रहा है। किसान किसन, अब्बू लाल के अनुसार, गेहूं में कीट-बीमारियों का खतरा कम रहता है, जबकि चना, मसूर और मटर में पाला, उकठा रोग और इल्ली से नुकसान हो सकता है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह और जनवरी की शुरुआत में पाले का खतरा भी रहता है।

86 हजार हेक्टेयर घटाया रबी फसल का रकबा

पिछले साल जिले में 368.496 हेक्टेयर में रबी फसल की बुआई हुई थी। इस साल रबी फसल की बुआई का रकबा घटाकर 340.500 हेक्टेयर कर दिया है। इसमें गेहूं का रकबा 86 हेक्टेयर घटाकर 1 लाख 90 हजार हेक्टेयर करने का लक्ष्य है, वहीं चने का रकबा 47 हजार 848 हेक्टेयर से बढ़ाकर 1 लाख करने की योजना है। मसूर की बोवनी 1 हजार हेक्टेयर में कराने का लक्ष्य है। मटर 3 हजार हेक्टेयर में होगी। सरसों 25 हजार हेक्टेयर में बोई जाएगी। अल्पवर्षा को देखते हुए कृषि विभाग गांवों में रात्रि चौपाल और किसान संगोष्ठियों का आयोजन कर रहा है। इनमें सूखा प्रबंधन, फसल चयन और जल संरक्षण के उपाय बताए जा रहे हैं।

एमएसपी में चना, गेहूं से तीन गुना से ज्यादा महंगा

कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने के पीछे आर्थिक गणित भी है। जानकारों के अनुसार गेहूं का समर्थन मूल्य 2,600 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास होता है, जबकि चने का 8,500 रुपए, मसूर का 7,000 रुपए और सरसों का 6,200 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास निर्धारित रहता है। एक एकड़ में चने की औसत पैदावार करीब 10 क्विंटल, मसूर की 5 से 6 क्विंटल और सरसों की 8 से 10 क्विंटल तक हो सकती है। ऐसे में कम पानी की स्थिति में ये फसलें किसानों के लिए बेहतर विकल्प बन सकती हैं। हालांकि वास्तविक मुनाफा उत्पादन, खेती की लागत, उपज की बिक्री पर निर्भर करेगा। किसानों के लिए लाभकारी विकल्प बन सकती हैं।

रबी सीजन में बोवनी का अनुमानित लक्ष्य

फसल	लक्ष्य 2025	लक्ष्य 2026
गेहूं	276.238	190.000
मक्का	2.518	2.000
चन	47.848	100.000
मसूर	0.355	1.000
मटर	2.303	3.000
सरसो	13.519	25.000
अलसी	0.023	0.500
गन्ना	25.692	19.000
योग	368.496	340.500

नोट : आंकड़े प्रति हजार हेक्टेयर में दर्ज है।

41 जलाशय शत प्रतिशत भरे

जल संसाधन विभाग के अनुसार जिले में 41 जलाशय 100 प्रतिशत भरे हैं। इनसे किसानों को एक पलेवा और तीन पानी तक दिए जाने की संभावना है। वहीं 74 जलाशयों में 0 से 25 प्रतिशत, 53 जलाशयों में 26 से 50 प्रतिशत, 27 जलाशयों में 51 से 75 प्रतिशत तथा 5 जलाशयों 76 से 85 प्रतिशत तक जलभराव बताया गया है। इससे स्पष्ट है कि बड़ी में संख्या में जलाशयों में सिंचाई हेतु सीमित पानी ही उपलब्ध है। जलाशयों में उपलब्ध पानी में से पेयजल के लिए भी आरक्षण किया गया है। लाखापुर जलाशय से बैतूल शहर के पेयजल के लिए पानी आरक्षित रखा गया है। वहीं बाकुड़ जलाशय से आठनेर नगरपालिका के पेयजल के लिए 1.20 मिलियन घनमीटर पानी आरक्षित है। इसके बाद उपलब्ध पानी के आधार पर सिंचाई के लिए जल दिया जाएगा। बता दे कि जिले के जलाशयों की कुल जीवित जलभराव क्षमता 473.27 मिलियन घनमीटर है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार 30 सितंबर 2026 तक इन जलाशयों में 242.040 मिलियन घनमीटर पानी का भंडारण हुआ है। यह कुल जीवित जलभराव क्षमता का करीब 51 प्रतिशत है। कम जलभराव के कारण विभाग ने रबी सिंचाई का रकबा सीमित किया है। जिन जलाशयों में पर्याप्त पानी है, वहां उपलब्धता के अनुसार किसानों को सिंचाई के अधिक अवसर मिलेंगे।

इनका कहना है

अल्पवर्षा की स्थिति को देखते हुए हमनें किसानों को कम पानी में अधिक उत्पादन वाली फसलों को लगाने की सलाह दी है। गांवों में रात्रि चौपाल लगाकर किसानों को संगोष्ठियों के माध्यम से जागरूक कर रहे हैं।

रामगोपाल रजक
उप संचालक, कृषि विभाग

पुलिस ने 3 आरोपियों को पकड़ा

1.14 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता का पर्दाफाश

6 मोबाइल फोन, सोना-चांदी व कार सहित लगभग 22.33 लाख रुपये की संपत्ति जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

थाना बोरदेही पुलिस ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र की मोरखा शाखा में खाताधारकों के साथ हुई कथित वित्तीय धोखाधड़ी के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। प्रकरण में बैंक के सहायक प्रबंधक सहित एक अन्य आरोपी तथा एक विधि विरुद्ध बालक की संलिप्तता सामने आई है। पुलिस द्वारा प्रकरण में छह अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आए तथ्यों के अनुसार, बैंक ऑफ महाराष्ट्र की मोरखा शाखा में खाताधारकों की बैंकिंग संबंधी जानकारी एवं नेट बैंकिंग प्रक्रिया का दुरुपयोग कर कथित रूप से धोखाधड़ी की गई। आरोप है कि बैंक के सहायक प्रबंधक द्वारा अपनी आईडी के माध्यम से नेट बैंकिंग का उपयोग कर खाताधारकों के पंजीकृत मोबाइल नंबर बदलने तथा उनकी एफडी तुड़वाने जैसी गतिविधियां की जाती थीं। इसके लिए बैंक मैनेजर एवं आरोपियों द्वारा खाता धारको के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर एफ.डी तुडवाई जाती थी। जांच में यह भी सामने आया कि जनवरी 2026 से कथित रूप से वित्तीय अनियमितताएं की जा रही थीं तथा इस दौरान लगभग 10 बार मोबाइल नंबर बदले जाने की जानकारी मिली है। खातों से निकाली गई अथवा हस्तांतरित की गई राशि को कथित रूप से रिश्तेदारों एवं अन्य खातों में ट्रांसफर किया जाता था। धोखाधड़ी की राशि से कार सहित अन्य संपत्ति खरीदे जाने की जानकारी भी विवेचना में सामने आई है।

तीन पर कार्रवाई, मोबाइल फोन, सोना-चांदी व कार जब्त

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन द्वारा आरोपियों की पहचान कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। एसडीओपी मुलताई शिवकुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी बोरदेही निरीक्षक मैयालाल उईके के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलित कर प्रकरण में संलिप्त पाए गए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। दिनांक 24 अक्टूबर 2026 को निम्नलिखित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा एक विधि विरुद्ध बालक के संबंध में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की गई।

तीन आरोपियों के विरुद्ध की कार्रवाई

पुलिस ने इस मामले में लुकेश गोखे, पिता गुलाबराव गोखे, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम मोवाड, थाना नरखेड़, जिला नागपुर, वर्तमान निवासी मोरखा, थाना बोरदेही। बैंक ऑफ महाराष्ट्र, मोरखा शाखा में सहायक प्रबंधक, गौरव सूर्यवंशी, पिता जगदीश सूर्यवंशी, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम मोरखा, थाना बोरदेही, जिला बैतूल और विधि विरुद्ध बालक के खिलाफ कार्रवाही करते हुए 06 मोबाइल फोन, जिनकी कुल कीमत लगभग 65,000 रुपये, सोना, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 8,28,000 रुपये,चांदी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1,40,000 रुपये तथाकथित धोखाधड़ी की राशि से खरीदी गई कार, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 12,00,000 रुपये है। इस प्रकार पुलिस द्वारा कुल लगभग 22,33,000 रुपये का मशरूका जप्त किया गया है।

जल संकट को लेकर मुख्यमंत्री से मिले जिले के विधायक



बैतूल। बैतूल जिले में इस वर्ष हुई अल्पवर्षा से उपजे गंभीर हालातों से प्रदेश सरकार को अवगत कराने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से जिले के भाजपा विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, महेंद्र सिंग चौहान एवं गंगा उइके ने भोपाल में मुलाकात कर जल संकट के गंभीर विषय से अवगत कराया। इस मुलाकात में विधायकों ने बैतूल जिले में कम वर्षा के कारण भूमिगत जल स्तर का न बढना, जिले के अधिकांश जलाशयों का खाली रह जाना, आने वाले समय में पेयजल की व्यवस्था और इसके साथ ही आगामी ग्रीष्मकाल में सूखे की समस्या का सामना कर रही जनता के लिए राहत कार्य प्रारंभ किए जाने की माँग की। विधायकों ने मुख्यमंत्री जी को बताया कि इस वर्ष अल्पवर्षा के कारण किसानों की गन्ना, धान, सोयाबीन जैसी फसलें पहले ही बुरी तरह प्रभावित हो चुकी हैं, वहीं रबी सीजन की फसलों के लिए भी पानी की अनुपलब्धता के कारण किसान आर्थिक रूप से टूट जाएंगे। इसलिए सरकार खरीफ तथा रबी की फसल के वास्तविक नुकसान का शीघ्र आकलन कर उनके लिए पर्याप्त मुआवजा जारी करे। विधायकों ने आने वाले समय में पेयजल के संकट और उसके परिणामों जैसे किसानों - मजदूरों का पलायन को रोकने के लिए भी शासन प्रशासन से अग्रिम व्यवस्था बनाने की मांग भी की है।



आग बुझाने और घायलों को सुरक्षित ले जाने का दिया प्रशिक्षण

बैतूल। होमगार्ड लाइन सोनाघाटी में आयोजित सात दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन स्वयंसेवकों को आग से बचाव और घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के तरीके बताए गए। प्रशिक्षण के दौरान आपदा मित्रों को अग्निशामक यंत्र चलाने का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही घायलों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षुओं को बोरी, रस्सी और कंबल की सहायता से अस्थायी स्ट्रेचर बनाने की विधियां बताकर उनका अभ्यास भी कराया गया। 23 से 29 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 125 युवा आपदा मित्र स्वयंसेवक शामिल हो रहे हैं।

गांधी चौक के रामलीला मंच पर श्रीराम जन्म और ताड़का वध का हुआ मंचन

मुलताई में 122 साल पुरानी ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



बाल स्वरूप श्रीराम के दर्शन कर भावविभोर हुए श्रद्धालु

पवित्र नगरी मुलताई की 122 वर्षों से चली आ रही ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपरा रामलीला का शुभारंभ दशहरा पर्व से हो गया। गांधी चौक स्थित रामलीला मंच पर पहले दिन भगवान श्रीराम के जन्म और राक्षसी ताडक़ा वध का आकर्षक मंचन किया गया।

इस दौरान कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। श्रीरामलीला मंडली के वरिष्ठ कलाकार बालकिशन चंदेल, निर्मल मिश्रा एवं विष्णु अग्रवाल ने बताया कि मुलताई में पिछले 122 वर्षों से गांधी चौक पर रामलीला का मंचन किया जा रहा है। यह नगर की सांस्कृतिक पहचान और पूर्वजों की अमूल्य विरासत है, जिसे वर्तमान पीढ़ी के युवा पूरे सम्मान और समर्पण के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। रामलीला के पहले दिन भगवान श्रीराम के जन्म का सुंदर मंचन किया गया। मंडली के सबसे कम उम्र के कलाकार चार वर्षीय वसु पौनीकर ने बाल स्वरूप श्रीराम की भूमिका निभाई। रामलीला के सूत्रधार बंटी मिश्रा ने बताया कि वसु पौनीकर महज 16 महीने की उम्र से ही बाल श्रीराम की भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनकी प्रस्तुति दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मंचन के दौरान भगवान विष्णु के धरती पर श्रीराम के रूप में अवतार लेने की कथा प्रस्तुत की गई। मान्यता के अनुसार, भगवान विष्णु ने धरती को राक्षसों के अत्याचारों से मुक्त कराने के लिए राजा दशरथ के कुल में जन्म लिया था। राजा दशरथ की भूमिका एडवोकेट जी.जी. घोड़े ने निभाई। गुरु वशिष्ठ एवं विश्वामित्र से शिक्षा प्राप्त करने के बाद भगवान श्रीराम द्वारा राक्षसी ताडक़ा के वध का प्रसंग भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। व्यासपीठ के भाष्यकार पंडित संतोष शर्मा ने बताया कि इस वर्ष रामलीला में पंडित राहुल शर्मा भगवान श्रीराम, पंडित अमृत त्रिवेदी लक्ष्मण, चेतन मिश्रा भरत और वीर चंदेल शत्रुघ्न की भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा कृष्णा अग्रवाल सहित अन्य बाल कलाकार भी विभिन्न पात्रों का अभिनय कर रहे हैं। रामलीला के माध्यम से नगर की प्राचीन धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। मंडली की ओर से निक्की मिश्रा ने धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में गांधी चौक पहुंचकर रामलीला का आनंद लेने और इस ऐतिहासिक परंपरा को प्रोत्साहित करने की अपील की है।

मतदाता सूची में पारदर्शिता और पात्र, मतदाताओं के नाम सुरक्षित रखने की मांग

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत मुलताई में कांग्रेस की बाइक रैली, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में ह्यवोट बचाओ, देश बचाओह्न अभियान के तहत पवित्र नगरी मुलताई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल रैली निकालकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आशीर्वाद लॉन से शुरू हुई रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तहसील परिसर पहुंची, जहां राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपकर मताधिकार की सुरक्षा और मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण यादव, युवक कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश यादव, संजय यादव और किशोर सिंह परिहार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मोटरसाइकिलों पर सवार होकर रैली में शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। रैली आशीर्वाद लॉन से प्रारंभ होकर फव्वारा चौक, नाका नंबर-1, जयस्तंभ चौक और बस स्टैंड होते हुए तहसील परिसर पहुंची।



मतदाता सूची की निष्पक्ष जांच की मांग

ज्ञापन में कहा गया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया तथा प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार पर निर्भर करती है। मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की अनियमितता, पात्र मतदाताओं के नाम काटे जाने या अपात्र लोगों के नाम शामिल होने की आशंका लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर विषय है। कांग्रेस ने मांग की कि मतदाता सूची की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए और सभी पात्र नागरिकों के नाम सूची में शामिल होना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी पात्र मतदाता का नाम उचित प्रक्रिया और नियमानुसार सत्यापन के बिना नहीं हटाया जाए। साथ ही, मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारने और छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम जोडने के लिए विशेष अभियान चलाने की मांग भी की गई।

नाम जोडने और हटाने की प्रक्रिया पारदर्शी बनाने की मांग

ज्ञापन के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोडने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने तथा संबंधित आवेदकों को समय पर सूचना देने की मांग की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिकायत की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके अलावा प्रत्येक पात्र नागरिक को बिना किसी भेदभाव के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान का अधिकार सुनिश्चित करने और मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान राजनीतिक दबाव अथवा पक्षपात की आशंकाओं को दूर करने की मांग भी उठाई गई।

ये कांग्रेसजन रहे मौजूद

रैली एवं ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव, संजय यादव, युवक कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश यादव, किशोर सिंह परिहार, नितेश साहू, पवन पंडाग्रे, आशीष जैन, अरुण पवार, शेख जाकिर, महेश नागले, कृष्णा पंडाग्रे, अजय शिवहरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत बैतूल में कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन

बाइक रैली निकालकर चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला



बैतूल। मतदाता सूची में कथित गड़बडिय़ों और मताधिकार की सुरक्षा के मुद्दे पर कांग्रेस ने बैतूल में वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक एवं जालना सांसद कल्याण काले, प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व विधायक विनय सक्सेना, जिला प्रभारी सुनील उइके और जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा के नेतृत्व में शनिवार को शहर में जनजागरूकता बाइक रैली निकाली गई। कांग्रेस कार्यालय गंज में बैठक और पत्रकार वार्ता के बाद शुरू हुई रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लल्ली चौक पहुंची, जहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर निष्पक्ष मतदाता सूची और चुनावी पारदर्शिता की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने इस अभियान के तहत 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली महारैली में बैतूल जिले से सैकड़ों कार्यकर्ताओं के शामिल होने की घोषणा भी की। पत्रकार वार्ता में एआईसीसी पर्यवेक्षक एवं सांसद कल्याण काले ने निर्वाचन आयोग और सत्तापक्ष की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए झूठ का सहारा ले रही है, जबकि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरी और ईवीएम से जुड़ी कथित गड़बडिय़ों के मुद्दे उठाकर जनता के सामने सवाल रखे हैं। काले ने बताया कि 1 नवंबर को नई दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत इंडिया गठबंधन की महारैली आयोजित होगी। इसमें शामिल होने के लिए बैतूल जिले से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे। प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने ग्रामीण क्षेत्रों में एसआईआर प्रक्रिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रभावी वक्ताओं को चिन्हित करने पर जोर दिया।

खबर संक्षेप

न्यायालय में हुए मनोरंजक खेल

पिपरिया। सिविल न्यायालय परिसर में उल्लास एक अभिनव प्रयोग के तहत मनोरंजक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिनमें मुख्य रूप से स्वस्थ जीवन ,और सौहार्दपूर्ण कार्य संस्कृति का संदेश दिया गया। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष धर्मेन्द्र नागवंशी ने बताया कि न्यायालय की व्यस्त दिनचर्या के बीच तनाव दूर करने, आपसी सौहार्द बढ़ानेऔर सकारात्मक कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सिविल न्यायालय में उल्लास एक अभिनव प्रयोग के अंतर्गत खेलकूद एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।चेयर रेस और बास्केटबॉल पकड़ने जैसी प्रतियोगिता आयोजित हुई। न्यायालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल बना हुआ था।यह आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश नर्मदा पुरम के निर्देश एवं मार्गदर्शन में किया गया। इसके उद्देश्य न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के साथ ही स्वस्थ्य शरीर , प्रश्न मन और तनावमुक्त बातावरण को बढ़ावा देना। रहा कार्यक्रम में द्वितीय अपर जिला सत्र न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी द्वितीय जिला सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार अग्रवाल प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अखिलेश चांडक न्यायाधीश निशा रघुवंशी उपस्थित रहे।एवं अधिवक्ता संघ अध्यक्ष धर्मेन्द्र नागवंशी सहित अन्य सभी अधिवक्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई थी।

बीएससी दुर्गोत्सव परिवार द्वारा आयोजित किया गया था कवि सम्मेलन

रावण जैसा पुत्र तुम्हारा, बहू चाहिए सीता सी : कवि विनोद सनोडिया

बीएससी दुर्गा उत्सव परिवार सोहागपुर द्वारा नवरात्र एवं शरद पूर्णिमा के अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन मां दुर्गा पंडाल में किया गया। वरिष्ठ कवि एवं संचालक कुमार नितेश ने व्यवस्थाओं पर तंज कसती हुई गजल की प्रस्तुति दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





बीएससी दुर्गा उत्सव परिवार सोहागपुर द्वारा नवरात्र एवं शरद पूर्णिमा के अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन मां दुर्गा पंडाल में किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश के ख्यात कवियों ने अपनी विधाओं पर आधारित रचनाओं की प्रस्तुति दी।

बीएससी दुर्गा उत्सव परिवार से नवनीत चौधरी, सुरेंद्र ऊदल रघुवंशी, नीरज चौधरी, दशरथ रघुवंशी आदि ने बताया कि कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवियों ने शानदार रचनाओं की प्रस्तुति दी। रात्रि 12:30 बजे आयोजन संपन्न हुआ एवं इस बीच समस्त कवियों ने प्रस्तुतियों से श्रोताओं को बांधे रखा। इस दौरान श्रोता रूप में महंत हरिकिशन दास महाराज, मंगल सिंह रघुवंशी, पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय, वरिष्ठ समाजसेवी कृष्णा पालीवाल, जयप्रकाश माहेश्वरी, चौधरी राकेश सिंह, चौधरी गजेंद्र सिंह, पुष्पराज पटेल, चुन्नीलाल मुद्गल, पूर्व व्यापारी संघ अध्यक्ष मुकेश मालवीय, जैन समाज सोहागपुर अध्यक्ष अभिषेक जैन, जेडी गोलानी, यशवंत जवार, सोहागपुर व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, मनोज अग्रवाल, पवन वर्मा, संजय चौरसिया, प्रबुद्ध दुबे, संजय दीक्षित, जीवन दुबे, ओपी पटेल, इरफान खान, जितेंद्र बैरागी, शारदेंदु चौधरी, देवांशु शर्मा, लखन चौरसिया, अखिलेश मालवीय, शिवकुमार पटेल, रीतेंद्र राजपूत, आनंद साहू, प्रदीप भावसार, रूपेश रघुवंशी, रोहित रघुवंशी, बंटी मालवीय, हेमंत डोंगरे, आशीष जैन, पवन चौहान, देवेंद्र कुशवाहा, रीतेश साहू, प्रदीप देवलिया एवं अन्य सैकड़ों श्रोता उपस्थित थे।

सौभाग्य हमारा: कवि कुमार नितेश

कवि कुमार नितेश भोपाल ने संचालन दौरान कहा कि कविकुल श्रेष्ठ ब्रह्मलीन पं. राजेंद्र सहारिया की पुण्य भूमि पर आकर कविता पढ़ना हमारा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि मां भगवती के मंच पर माता की अनुभूति से दिव्य कवि सम्मेलन हो गया। कवियों में पवन 'प्रबल' ने हास्य से शुरुआत करते हुए आत्महत्या का विचार आने पर सकारात्मक सोच बनाने वाली उत्कृष्ट रचना पढ़कर भरपूर सराहना पाई। सौरभ 'सूर्य' ने राष्ट्रवाद की रचनाओं को श्रोताओं ने तालियों का भरपूर समर्थन दिया।

भोले नेमा 'चंचल' ने हास्य का अद्भुत माहौल बनाया। शिखा रघुवंशी ने प्रेम एवं श्रृंगार की रचनाओं से वाहवाही लूटी। विनोद सनोदिया ने रावण जैसा पुत्र तुम्हारा, बहू चाहिए सीता सी गीत के प्रत्येक बंद पर दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरी। वरिष्ठ कवि एवं संचालक कुमार नितेश ने व्यवस्थाओं पर तंज कसती हुई गजल की प्रस्तुति देते हुए समापन को ऊंचाई प्रदान की। कवि सम्मेलन का संयोजन अंजनी नंदन ट्रेवल्स एंड मल्टी सर्विसेज सोहागपुर द्वारा किया गया था।

50 वर्षीय बुजुर्ग को चाकू से किया घायल, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

आवास कालोनी क्षेत्र में आधा दर्जन के करीबन आरोपियों ने मिलकर 50 वर्षीय अशोक सराठे नामक व्यक्ति के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकीं देते हुए चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

तत्संबंध माखन नगर पुलिस ने बताया कि आवास कालोनी निवासी अशोक सराठे के साथ निहाल खान, भैय्या खान, अज्जू खान, ताजुल, सोयल खान, अनमोल उर्फ अमन ने मामूली बात को लेकर गाली गलौज कर मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

घटना की जानकारी लगते ही आवास कॉलोनी के सौ डेढ़ सौ लोग इकट्ठे होकर खाने पहुंचे और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई और तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की शनिवार सुबह भी नगर के नागरिकों ने थाना प्रभारी के पास जाकर आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग एवं कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी

पीड़ित का परिवार इस घटना से दहशत में है इस मामले में पुलिस ने फरियादी चंचल पिता अशोक सराठे की रिपोर्ट पर सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 109(1),296(बी), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। पीड़ित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार जारी है। वहीं पुलिस ने बताया शीघ्र ही आरोपियों को को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

वार्ड नंबर 3 के बच्चों को कलर पेंसिल उपहार में दिए

पचमढ़ी। आंगनबाड़ी वार्ड नंबर 3 मे खेरमाई दुर्गा उत्सव समिति की महिलाओं द्वारा आंगनबाड़ी में गरबा नृत्य का आ यो ज न किया गया जिसमें बच्चों द्वारा गरबा नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई। स हा यि का सुषमा रैदास द्वारा बच्चों को रंग बिरंगे कलर पेन एवं पेंसिल उपहार में दी गई साथ ही बच्चों को टाफी बिस्कुट ममता गुप्ता द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में रमा शाक्य,बबीता शाक्य,प्रिया राजपूत,विमला चौधरी एवं कंचन उपस्थित रहीं।



श्रीराम नाट्य समिति ने किया हवन व भंडारे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर ने वर्ष 2026 की श्री रामलीला प्रस्तुति की वार्षिक कड़ी के विश्राम उपरांत शनिवार को हवन पूजन कार्यक्रम किया। जिसके बाद भंडारा कार्यक्रम भी किया गया। समिति अध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी रामलीला मंचन विश्राम के उपरांत सचिव अखिलेश मालवीय के राजेंद्र वार्ड स्थित कार्यालय में हवन किया गया। जिसमें समिति संरक्षक आचार्य पं. अरविंद सहारिया के मार्गदर्शन में हवन एवं पूजन कार्यक्रम किए गए। इसके उपरांत कार्यालय परिसर में भंडारा किया गया। जिसमें समिति संरक्षकगण चौधरी राजेंद्र सिंह, चंद्रकांत चौरसिया, मंगल सिंह रघुवंशी, कन्नूलाल अग्रवाल, विजय अग्रवाल, राजेंद्र नामदेव, केदारनाथ चौरसिया, एमएल सवामी, पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय, कृष्णा पालीवाल, मुकेश मालवीय, अभिषेक जैन, किन्नर गुरु सलमा गुरु, नीरज चौधरी, मनोज अग्रवाल, राजेंद्र पालीवाल, शिवकुमार पटेल, रीतेंद्र सिंह राजपूत, शरद चौरसिया, प्रशांत सोनी, आनंद साहू, राकेश गोस्वामी, समर शर्मा, उमेश पुरोहित, ऋषिक पांडे, हर्ष भावसार, दक्ष मालवीय सहित समस्त पात्र सम्मिलित हुए।

सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य पूरा होने पर भी पंचायत को नहीं सौंपा गया

50 लाख की लागत से हुआ निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत साडिया मे बजार बाले घांट पर नर्मदा नदी किनारे पर स्थित है।सुत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार यह सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शासकीय एंजेसी लोक निर्माण विभाग की पी आई यू के द्वारा किया गया है। जिसकी लागत लगभग 50लाख रुपए बताई जा रही है। लेकिन अभी तक यह भवन पंचायत को सौंपा नहीं गया है। सांसद दर्शन सिंह चौधरी की निधि से स्वीकृत किया गया है।जिसे लगभग एक वर्ष हो चुके हैं। लेकिन अभी तक शासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वैसे ही यह नर्मदा नदी के किनारे पर स्थित है। नीचे पिललर पर बनाया गया है। जिसमें एक हालचार कमरें है। लेकिन अभी तक एजेंसी को सौंपा नहीं गया है।जो चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बारे में ग्राम पंचायत सचिव अनिल पांडे एवं सरपंच राम जीदीखत से चर्चा कि तो उन्होंने बताया कि अभी तक सुपुर्द नहीं किया गया है। इस मामले में सांसद दर्शन सिंह चौधरी से फोन पर बात की तो उन्होंने कहा कि इस विषय में बाद में बात करेंगे । इस तरह से अनेकानेक अनमितताए प्रतीत हो रही है। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। अगले माह से विवाह आदि प्रारंभ हो जायेंगे। यदि सुपुर्द कर दिया गया होता तो गरीब लोगों के विवाह आदि हो सकते थे। अनुविभागीय अधिकारी पी आई यू नर्मदापुरम जिला प्रशासन के द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन 25 अक्टूबर तक

सीहोर। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए "सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार" एवं "बेस्ट आत्मा जिला पुरस्कार" हेतु पात्र एवं इच्छुक कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। कृषकों से निर्धारित समय-सीमा में आवेदन प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया है। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार तथा उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले कृषकों का निर्धारित मापदंडों के अनुसार मूल्यांकन कर पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रत्येक विकासखंड से 5 उत्कृष्ट कृषकों का चयन कर रूपये-10,000 प्रति कृषक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। वहीं जिला स्तर पर चयनित 10 उत्कृष्ट कृषकों को रूपये-25,000 प्रति कृषक की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार के माध्यम से कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं उन्नत तकनीकों को अपनाने वाले कृषकों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन 101वें वर्ष में प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने और विजयादशमी उत्सव के उपलक्ष्य में पिपरिया नगर में 25 और 26 अक्टूबर को बस्तीवार भव्य पथ संचलन निकाले जाएंगे।

पिपरिया नगर प्रचार प्रमुख राहुल अग्रवाल ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संचलन से पूर्व निर्धारित स्थानों पर शस्त्र पूजन और भारत माता का पूजन किया जाएगा। इसके माध्यम से समाज में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और देशप्रेम का संदेश दिया जाएगा। संचलन की तिथियां एवं बस्तीवार संचलन दिनांक 25 अक्टूबर 2026 (रविवार) को केशव, माधव, मधुकर, महावीर और अंबेडकर बस्ती के स्वयंसेवक एक साथ पथ संचलन निकालेंगे। दूसरी ओर 26 अक्टूबर 2026 (सोमवार) को चिंताहरण बस्ती में पथ संचलन आयोजित होगा।

नगर प्रचार प्रमुख राहुल अग्रवाल ने बताया कि सभी बस्ती प्रमुखों और स्वयंसेवकों से पूर्ण गणवेश (यूनिफॉर्म) में तय समय और स्थान पर घोष के साथ उपस्थित होने का आह्वान किया गया है।

युक्त राष्ट्र दिवस पर डॉ. मयंक तोमर ने विद्यार्थियों को दी महत्वपूर्ण जानकारी



नर्मदापुरम। इंस्पायर पोदार लर्न स्कूल में संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर विशेष शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. मयंक तोमर ने विद्यार्थियों को संयुक्त राष्ट्र संगठन (UNO) की स्थापना, उद्देश्यों, वैश्विक शांति, अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं मानवाधिकारों के संरक्षण में उसकी भूमिका की जानकारी दी। डॉ. तोमर ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संगठन की स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को हुई थी। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक एवं जिम्मेदार वैश्विक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन शालू मार्सकोले मैडम ने किया।

शराब पिलाने वाले ढाबों पर पुलिस की दबिश, संचालकों में मचा हड़कंप

सीहोर। शहर में ढाबों पर अवैध रूप से शराब पिलाने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। टीआई गिरीश दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीन ढाबों पर दबिश देकर जांच-पड़ताल की। पुलिस की इस कार्रवाई से ढाबा संचालकों में हड़कंप मच गया। शहर में खुलेआम शराब पिलाने की शिकायतों के मद्देनजर पुलिस ने ढाबों पर निगरानी बढ़ा दी है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने संबंधित स्थानों पर जांच की। पुलिस का उद्देश्य नियमों का उल्लंघन कर शराब पिलाने वालों पर अंकुश लगाना और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना है। टीआई गिरीश दुबे ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस की नजर अब ऐसे ढाबों पर भी रहेगी, जहां बैठकर शराब पीने और पिलाने की गतिविधियां संचालित की जाती हैं। पुलिस की इस सख्ती से शहर में अवैध गतिविधियों में लिप्त ढाबा संचालकों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पटाखा व्यापारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



पिपरिया। नगर में विगत दिनों पटाखा व्यापारी संघ का गठन किया गया था जिसमें अध्यक्ष हर्षित शर्मा उपाध्यक्ष अनिल साहु सचिव नवनीत परसाईं सह सचिव राहुल मौर्य कोषाध्यक्ष दीपक माधवानी उर्फ राजा राघवेन्द्र राय को पदाधिकारियों घोषित किया गया। तथा अनुविभागीय अधिकारी के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार वैभव बैरागी को सौंपा गया है। जिसमें 30 अक्टूबर तक पटाखा बाजार में जगह आवंटन करने की बात कही गई है।समय पर जगह आवंटन की बात कही गई है। ताकि मूलभूत सुविधाओं के साथ दुकान का निर्माण कार्य किया जा सकता है। नगरपालिका परिषद क्षेत्र के दिशा निर्देश जारी कर स्थान का निर्धारण किया जा सके। लायसेंस प्रक्रिया पूर्ण करने पर्याप्त समय उपलब्ध कराया जाएगा तो सुविधा होगी। किराए से लायसेंस चलाने वाले लोगों को भी सख्त कार्रवाई हो।थोक पटाखा व्यापारी का लायसेंस बनवाया गया है।और फिर फुटकर बिक्री करते हैं। ऐसे लोगों पर भी कार्यवाही होनी चाहिए। पटाखा आने के पूर्व पटाखा व्यापारी वर्ग के गोदाम की जांच कराई जाए।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सुपरवाइजर पर लगाए अभद्रता व मानसिक प्रताड़ना के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



एकीकृत बाल विकास परियोजना के अंतर्गत आने वाले रामनगर सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने अपनी सुपरवाइजर पर अभद्र व्यवहार करने एवं मानसिक प्रताड़ना सहित कई गंभीर आरोप लगाएं है। साथ ही कार्यकर्ताओं ने आरोपी सुपरवाइजर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

रामनगर सेक्टर के तहत आने वाली आंगनबाड़ी केंद्रों में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लामबंद होकर शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंची। इस दौरान उन्होंने एसडीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा कि एक माह में बार-बार बैठकें आयोजित करना तथा सेक्टर स्तर पर बैठकें न रखना। निरीक्षण के दौरान सुबह 11:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को केंद्र पर बैठाए रखना। कार्यकर्ताओं को 'ढीठ', 'बेशर्म', 'कामचोर' आदि अपमानजनक शब्द कहकर बेइज्जत करना। बैठक में सभी 11 रजिस्टर मंगवाना, लेकिन उनकी विधिवत जाँच नहीं करना तथा अगली बैठक में भी पुनः यही प्रक्रिया दोहराना। कार्यकर्ता एवं सहायिका को केंद्र से बाहर निकालकर ग्रामीणों से कार्यकर्ता के विरुद्ध कथित रूप से प्रतिकूल बयान लिखवाना और गलत संवाद कर छवि खराब करना। बैठक की सूचना एक दिन पहले देना, लेकिन बैठक के स्थान की जानकारी अगले दिन लगभग 11 बजे देना, जिससे कि कार्यकर्ताओं को आने जाने में परेशानी हो। व्हाट्सएप ग्रुप पर किसी भी समय, जैसे शाम 4:00 बजे सूचना प्रसारित करना, और परियोजना कार्यालय में तत्काल उपस्थित होने का निर्देश देना। सुपरवाइजर रामनगर वंदना शाहू ने बताया कि आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं वह निराधार है यह इनके द्वारा अपने काम में लापरवाही बरत रही है इसको लेकर इन कार्यकर्ताओ को मेरे द्वारा समय सीमा में काम करने का बोला गया था।

वोट बचाओ, देश बचाओ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

आगामी एक नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाले कांग्रेस के विशाल राष्ट्रीय प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बुधनी एवं शाहगंज ब्लॉक कांग्रेस की संयुक्त बैठक ली। वार्ड क्रमांक 11 में ओपी मालवीय के निवास पर आयोजित इस बैठक में विधानसभा प्रभारी राजकुमार केलू उपाध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में 'वोट चोर गद्दी छोड़' कार्यक्रम के तहत दिल्ली में होने वाले प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेसजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे दिल्ली में आयोजित होने वाले प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। विधानसभा प्रभारी राजकुमार केलू उपाध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली कार्यक्रम की तैयारियां अभी से शुरू कर दी जाएं और संगठन के सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ अधिक से अधिक कांग्रेसजनों को दिल्ली पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाएं। वहीं पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल ने पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर बुधनी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनू राजपूत, शाहगंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गिरवर चौहान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता छगनलाल दुबे, तारिक पटेल, गौरीशंकर मीणा, मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरीश मीणा, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे, ओपी मालवीय, बहादुर चौहान, मुकेश गौर, रिंकू दुबे, अनिता मालवीय, राजकुमार गौर, सतीश शर्मा, सुदामा शिवहरे, रित्विज पालीवाल, प्रेम वर्मा, द्वारका प्रसाद मालवीय, पुरुषोत्तम मीणा, दीपक परसोंन, बलवीर चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

आज निकलेगा संघ का विशाल पथ संचलन

सोनकच्छ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सोनकच्छ नगर के तत्वावधान में रविवार, 25 अक्टूबर को विजयादशमी उत्सव के पारंपरिक क्रम में विशाल त्रिवेणी पथ संचलन निकाला जाएगा। संचलन सुबह 8:30 बजे प्रारंभ होगा। आयोजन में नगर की तीन प्रमुख बस्तियों से स्वयंसेवक अपने-अपने मार्गों से निकलकर बस स्टैंड पर एकत्रित होंगे, जहां त्रिवेणी संगम के बाद संचलन महात्मा गांधी मार्ग से होते हुए कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचेगा। आयोजन के तहत राजभाऊ महाकाल बस्ती (श्री सांवरिया धाम सांवेर), महाराणा प्रताप बस्ती (कृषि उपज मंडी) और छत्रपति शिवाजी बस्ती (भानु प्रताप कॉलोनी, बिजासन मंदिर) से स्वयंसेवक निर्धारित मार्गों से पथ संचलन में शामिल होंगे। तीनों बस्तियों के स्वयंसेवकों का बस स्टैंड पर संगम होगा। इसके बाद सभी स्वयंसेवक एक साथ महात्मा गांधी मार्ग से कृषि उपज मंडी पहुंचेंगे, जहां पथ संचलन का समापन होगा।

निगम टीम ने औद्योगिक इकाइयों के साथ की चर्चा

देवास। निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम द्वारा शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कडी में शुक्रवार को निगम स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा शहर की थोक कचरा उत्पादक की श्रेणी में आने वाली औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ पृथक पृथक बैठक आयोजित कर भारत सरकार द्वारा जारी किए गये नियमों के प्रावधानों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में औद्योगिक इकाइयों द्वारा उत्पन्न होने वाले कचरे के उचित प्रबंधन, कचरे के पृथक्कीकरण, वैज्ञानिक निस्तारण तथा नियमों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंध में जानकारी साझा की गई। साथ ही संबंधित औद्योगिक इकाइयों द्वारा अब तक किए गए कार्यों एवं नियमों के पालन की दिशा में हुई प्रगति का मूल्यांकन किया गया। निगम द्वारा औद्योगिक इकाइयों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी निभाने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु कहा गया। बैठक में उक्त नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान तथा आगे की कार्ययोजना के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया।

85 बीघा में फैला गढ़खजूरिया तालाब 25 साल से अधूरा

49.90 लाख खर्च, पर नहीं बदली तस्वीर दस से अधिक गांवों को मिल सकता लाभ

जल संरक्षण एवं जल बचाओं अभियान तहत जनप्रतिनिधियों, जिम्मेदाओ ने नहीं ली सुध।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाओं को बढ़ावा देने के दावों के बीच गढ़खजूरिया का करीब 85 बीघा में फैला तालाब बदहाली का शिकार हो रहा है। करीब 25 साल से यह तालाब पुनर्निर्माण (जीर्णोद्धार) की बाट जोह रहा है। म.प्र. शासन की महत्वपूर्ण योजना जल संरक्षण एवं जल बचाओं अभियान के दावों की भी पोल खोल रहा है। इतने वर्षो बाद भी तालाब का जीर्णोद्धार नहीं हो पाना जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और ग्रामीण समस्याओं के प्रति उनकी गंभीरता पर सवाल खड़े हो रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि विकास और जल संरक्षण हेतु इस तालाब की सुध लेने के लिए अब तक कोई प्रभावी पहल नजर नहीं आई।

लाखों खर्च, फिर भी नहीं सुधरी स्थिति

तालाब निर्माण की शुरुआत वर्ष 2001 में जनसहभागिता से हुई थी। करीब 60 प्रतिशत काम होने के बाद निर्माण अधूरा रह गया। वर्ष 2018-19 में जिला पंचायत एवं ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के माध्यम से 49.90 लाख रुपए खर्च कर निर्माण कार्य कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत को हैंडओवर होने से पहले ही तालाब क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद से ही इसके सुधार और पुनर्निर्माण की मांग की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद तालाब की स्थिति नहीं सुधरने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और खर्च की गई राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ गई। ग्रामीणों की मांग है कि विभाग मौके का निरीक्षण कर तकनीकी जांच कराए और कराए गए कार्य का आकलन कर तालाब को दोबारा जल संग्रहण के योग्य बनाए।

जन विश्वास शिविर में दिया आवेदन

तालाब के पुनर्निर्माण (जीर्णोद्धार) को लेकर ग्राम पंचायत की ओर से जिले का पहला शिविर 7 अगस्त को ग्राम गंधर्वपुरी में आयोजित हुआ था जिसमें ग्राम पंचायत की ओर से कलेक्टर ऋतुराजसिंह को आवेदन सौंपा गया था। इसमें तालाब का निर्माण कार्य पूरा कराने और उसे जल संग्रहण के लिए उपयोगी बनाने की मांग की गई थी। इसके बावजूद ग्रामीणों को ठोस कार्रवाई का इंतजार है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से चली आ रही इस समस्या के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों की ओर से ठोस पहल की जरूरत है।



कई गांवों को मिल सकता है लाभ

गढ़खजूरिया के अलावा रजापुर, टुंगनी, साधुखेड़ी, खेरिया जागीर, मावरखेड़ी, कचनारिया, खोयरा, मूंदीखेड़ी, तालोद और जामगोद सहित आसपास के गांवों को भी तालाब के पुनर्निर्माण से लाभ मिल सकता है। तालाब में पर्याप्त पानी जमा होने से भूजल स्तर में सुधार और किसानों को सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ जाएगी है। इसके लिए तालाब की मरम्मत कर उसकी जल संग्रहण क्षमता बहाल करना जरूरी है।

नर्मदा-कालीसिंध लिंक परियोजना की चर्चा, पुराने तालाब की सुध कब?

क्षेत्र में नर्मदा-कालीसिंध लिंक परियोजना के माध्यम से तालाबों तक पानी पहुंचाने की चर्चा के बीच गढ़खजूरिया के तालाब का मुद्दा भी महत्वपूर्ण हो गया है। कम बारिश की स्थिति में पुराने जलस्रोतों का संरक्षण और अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा करना जरूरी है। ऐसे में सवाल उठता है कि 25 साल से अधूरे पड़े इस तालाब के जीर्णोद्धार की ठोस पहल कब होगी और ग्रामीणों को लाभ कब मिलेगा। ग्रामीण उम्मेदसिंह सेंधव, सरपंच प्रतिनिधि विक्रमसिंह सेंधव, ईश्वरसिंह सेंधव, भादरसिंह कुशवाह, मनीधर चौहान और वीपी सिंह चौहान सहित अन्य ग्रामीणों ने तालाब के पुनर्निर्माण की मांग की है। उनका कहना है कि संबंधित विभाग मौके का निरीक्षण कर तकनीकी जांच कराए और जीर्णोद्धार की ठोस कार्ययोजना तैयार करे।

फाइल देखकर ही मिलेगी जानकारी

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के ए.ई. अमित बामनिया ने बताया कि उन्हें पदभार संभाले अभी पांच-छः महीने ही हुए हैं। यदि इस तरह का तालाब बनाया गया है, तो इसकी जानकारी के लिए संबंधित फाईल देखनी पड़ेगी। इसके बाद ही आगे की कार्यवाही होगी।

अतिथि शिक्षकों को चार माह से मानदेय नहीं

बीईओ को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

इस विकासखंड में कार्यरत अतिथि शिक्षक पिछले चार महीने से मानदेय नहीं मिलने से परेशान हैं। शुक्रवार को उन्होंने बीईओ को ज्ञापन सौंपकर जुलाई से लंबित वेतन का भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि वे रोजाना नियमित रूप से स्कूल जाकर बच्चों को पढ़ा रहे हैं, लेकिन उन्हें पिछले चार महीनों से मानदेय नहीं मिला है। जिसके अभाव में परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है।

जबकि कई शिक्षक स्कूल आने-जाने के लिए भी आर्थिक-तंगी का सामना कर रहें हैं। वे बार-बार अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काट रहें हैं, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिल रहा है। उन्होंने अविलम्ब ही लंबित मानदेय और भविष्य में प्रतिमाह नियमित भुगतान की मांग की है,जिससे वे निश्चिंत होकर अध्यापन कार्य करा सकें।

जिले के 916 कोटवार हड़ताल पर मंडूक पुष्कर पर दिया जा रहा धरना

देवास। मध्यप्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ, भोपाल के आह्वान पर देवास जिले के समस्त कोटवार अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। जिले के 916 कोटवार जिला मुख्यालय स्थित एबी रोड के मंडूक पुष्कर पर धरना देकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद कर रहे हैं। शुक्रवार को हड़ताल का दूसरा दिन था। संघ जिलाध्यक्ष अम्बाराम मालवीय ने बताया कि कोटवार लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। कोटवारों की प्रमुख मांग है कि उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा देकर नियमित किया जाए। 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कोटवारों को पेंशन का लाभ दिया जाए, कोटवार वर्दी की राशि पूर्व की तरह कोटवारों के खाते से भुगतान करने एवं कोटवार घटिया वर्दी घोटाले की जांच उच्च एजेंसी से करवा कर दोषी ठेकेदारों/ कर्मचारियों को दंडित किया जाए।

संस्था देववासिनी की बैठक संपन्न, जाधव अध्यक्ष, मांगरोलिया बने सचिव



देवास। संस्था देववासिनी, देवास की बैठक संस्था के संरक्षक एवं देवास-शाजापुर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से दिलीप जाधव को संस्था का अध्यक्ष एवं बंटी मांगरोलिया को सचिव नियुक्त किया। संस्था की नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में रितु सवनेर, विकास सांगते एवं शेखर कौशल को जिम्मेदारी सौंपी गई। सह सचिव पंकज सोनी, सह सचिव मिथिलेश सोनी, कोषाध्यक्ष वरुण अग्रवाल एवं सह कोषाध्यक्ष श्रवणसिंह पंवार नियुक्त किए गए। इसी प्रकार मीडिया प्रमुख जगदीश सेन, सह मीडिया प्रमुख अनुज शर्मा एवं सोशल मीडिया प्रमुख शुभम जाधव को दायित्व सौंपा गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अजित भल्ला, कमल शर्मा, शम्भु अग्रवाल, जयंत जैन, नीरज सिंह चौहान, लक्की मक्कड़, संतोष वर्मा, ईश्वर परासिया एवं वैदिक जैन को शामिल किया।

महिला कांग्रेस ने अंकिता हत्याकांड की जांच की मांग की



देवास। महिला कांग्रेस जिला देवास ग्रामीण द्वारा जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष श्रुति बघेल के नेतृत्व में उत्तराखंड की बेटी स्व. अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित वीआईपी कनेक्शन की निष्पक्ष जांच कराने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा।राहुल सिंह ठाकुर ने बताया कि इस दौरान भोपाल चौराहा स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप मोमबत्तियां जलाकर धरना दिया गया तथा मामले में निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग उठाई गई। मामले में दोषियों को सजा मिलने के बावजूद कथित वीआईपी कनेक्शन को लेकर उठ रहे सवालों और पीड़ित परिवार द्वारा लगातार न्याय की मांग किए जाने के चलते प्रकरण से जुड़े सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। इस दौरान साधना प्रजापति, मीणा अली फानी, मेघा चौहान, सुलोचना कोटरिया, दीपेश हरोड़े, कृष्णा बाई मालवीय, बलवान सिंह चौहान, राहुल ठाकुर, शाबाश शेख, शाहिद खान, समीर शाह, कृष्णा बाई, प्रीति विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

स्व. बियाणी की स्मृति में आयोजित कवि सम्मेलन में देर रात तक जमे रहे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



दशहरा उत्सव समिति, कांटाफोड़ द्वारा आयोजित दशहरा महोत्सव के अंतर्गत स्व. नटवर गोपाल बियाणी की पावन स्मृति में नटवर गोपाल बियाणी मित्र मंडल एवं दशहरा उत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मंच पर कवियों में मुख्य रूप से जगदीश सोलंकी, शशिकांत यादव, शंभू शिखर, स्वयं श्रीवास्तव, सुमित्रा सरल, गौरव चौहान, दिनेश देसी घी, हीरामणि वैष्णव, मनोज दुबे और चेतन जोशी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि श्रोता देर रात तक कार्यक्रम में जमे रहे। हास्य, व्यंग्य और ओजपूर्ण कविताओं ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कवि चेतन जोशी की प्रस्तुतियों ने विशेष रूप से श्रोताओं का मन मोह लिया। मंच पर काव्य की ऐसी छटा बिखेरी गई कि देर रात तक श्रोता काव्य रस में डूबे रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कन्नौद-खातेगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन का सफल संचालन कवि मनोज दुबे ने किया, जबकि आभार रंगेश बियाणी ने व्यक्त किया। स्व. नटवर गोपाल बियाणी की स्मृति में आयोजित यह कवि सम्मेलन केवल साहित्यिक आयोजन ही नहीं, बल्कि उनके प्रति मित्रों और नगरवासियों के आत्मीय सम्मान का प्रतीक भी बना।

बकरा चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



थाना कमलापुर पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत बकरा चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 21 अक्टूबर को सुनीताबाई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 अक्टूबर की सुबह करीब 5 बजे दो अज्ञात बदमाश उनके घर में बंधा बकरा चुराकर ले गए। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने केशर पिता दलसिंह जामले (30), निवासी भूरियापुरा/लापलिपुरा, थाना उदयनगर और सरदार पिता धनसिंह (40), निवासी ग्राम मोखा पिपलिया को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 10 हजार रुपये कीमत का चोरी गया बकरा और करीब 40 हजार रुपये कीमत की बिना नंबर की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल जब्त की। पूछताछ में आरोपियों ने दशहरे की पार्टी करने के लिए बकरे को मारकर बोरे में बंद कर ले जाने की बात बताई।गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय बागली में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा, प्र. आ. भगवती प्रसाद, अरुण आर्य, रायचंद सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही।।

माता टेकरी दान पेटी में 32 लाख चढ़ावे के साथ मिली मनोकामनाओं की पर्चियां, गणना जारी



देवास। माता टेकरी पर नवरात्रि के पावन पर्व के बाद दान पेटियां शुक्रवार को खोली गईं। भक्तों ने मां दुर्गा के दरबार में न सिर्फ अपनी निजी खुशियों और मन्नतों के लिए पर्चियां डालीं। टेकरी प्रभारी और नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर और हरिओम ठाकुर की मौजूदगी में माता टेकरी स्थित दोनों मंदिरों की 21 से अधिक दान पेटियां खोली गई। दान पेटियों में लाखों रुपए नकद, चांदी के आभूषण और नेपाली मुद्रा प्राप्त हुई है। मंदिर समिति के अनुसार शुक्रवार सुबह 11 बजे से शुरू हुई दान राशि की गिनती देर रात तक जारी रही, शाम 7 बजे तक 32 लाख रुपए के गिने जा चुके हैं।

बाल कलाकारों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



सार्वजनिक राजराजेश्वरी माता मंदिर में नवदुर्गोत्सव के दौरान गरबा नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध करने वाले बाल कलाकारों का विपिन शिवहरे मित्र मंडल और ओम महाशक्ति ग्रुप द्वारा समारोह आयोजित कर सम्मान किया गय। समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव, आरती विपिन शिवहरे, कमल यादव, मोतीलाल पटेल, दाखा कारपेंटर, मुकेश गोस्वामी, ललिता राजपूत, शिवचरण भटुनिया और महेश गोस्वामी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गरबा नृत्य कोरियोग्राफर शिवम शर्मा और मोना सिकरवार का भी सम्मान किया गया। गरबा करने वाली बालिकाओं को राजा राघवेंद्र सिंह राजपूत की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए।विपिन शिवहरे मित्र मंडल ने परंपरा के अनुसार गरबा पंडाल में सफाई करने वाले सफाईकर्मी मोहन लावरे और संजू भाई, लाइट डेकोरेशन करने वाले अतुल भारती तथा गरबा संचालक रोहित जायसवाल सहित आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों को उपहार भेंटकर सम्मानित किया।अतिथियों का स्वागत मोहन सिकरवार, जगदीश राठौर, सतीश गेहलोत, राजेश वर्मा, जितेंद्र चावड़ा और शीला चावड़ा ने किया। समारोह का संचालन शिक्षक वारिस अली ने किया तथा आभार आरती शिवहरे ने माना।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत प्रभारी कलेक्टर पहुंचे चिड़ावद

शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान तहत टोंकखुर्द के चिड़ावद में आयोजित शिविर के पहले प्रभारी कलेक्टर दलीप कुमार ने उप-स्वास्थ्य केंद्र कलमा, आंगनवाड़ी केंद्र, माध्यमिक विद्यालय कलमा, शासकीय उचित मूल्य दुकान टोंककला एवं नव निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिड़ावद का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विभिन्न सेवाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।प्रभारी कलेक्टर दलीप कुमार ने माध्यमिक विद्यालय कलमा का निरीक्षण कर प्राचार्य से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की संख्या के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उनकी पढ़ाई और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में पूछा। प्रभारी कलेक्टर कुमार ने स्मार्ट टीवी के माध्यम से पढ़ाई होने के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा विद्यार्थियों से विज्ञान एवं गणित के प्रश्न पूछे। उन्होंने गणित के प्रश्न स्वयं बोर्ड पर लिखकर विद्यार्थियों से हल करवाए और शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया।प्रभारी कलेक्टर कुमार ने आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से केंद्र में दर्ज बच्चों की संख्या एवं उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर की जांच की तथा बच्चों को समय पर टेक होम राशन (टीएचआर) मिल रहा है या नहीं, इसकी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने केंद्र में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा परिसर में घास कटाई एवं साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए।उप स्वास्थ्य केंद्र कलमा के निरीक्षण के दौरान प्रभारी कलेक्टर कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) से पदस्थ स्टाफ की संख्या, वर्तमान में आने वाले मरीजों तथा उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

उन्होंने दवाई स्टॉक एवं स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन कर दवाइयों की उपलब्धता की स्थिति जानी। साथ ही एएनसी पंजीयन रजिस्टर की जांच कर चिन्हित हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। प्रभारी कलेक्टर कुमार ने शासकीय उचित मूल्य दुकान टोंककला का निरीक्षण कर उपलब्ध खाद्यान्न स्टॉक की जानकारी ली तथा स्टॉक का मिलान किया। उन्होंने वितरित किए गए राशन की जानकारी भी प्राप्त की। साथ ही उपस्थित नागरिकों से चर्चा कर राशन वितरण की वस्तुस्थिति जानी।

चिश्तिया ग्रुप के सदर बने अंसारी पठान को नायब सदर की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



गरीब नवाज के 815वें उर्स के अवसर पर भौरासा में आयोजित होने वाले 23वें उर्स की तैयारियों को लेकर आष्टा में चिश्तिया ग्रुप भौरासा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सलमान अंसारी को ग्रुप का सदर (अध्यक्ष) तथा सोहेल पठान को नायब सदर (उपाध्यक्ष) नियुक्त किया गया।बैठक में आगामी उर्स की तैयारियों और आयोजन की सफलता को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान ग्रुप के सदस्यों ने 23वें उर्स की कामयाबी के लिए दुआ की अपील करते हुए सभी से ग्रुप को अपनी दुआओं से नवाजने का आग्रह किया।बैठक में आष्टा से याकूब मामू, नासिर भाई, अयाज पार्षद, सानू राइन, सपीक पठान, आमीन कुरैशी, अकबर बैग और इकराम जीजा सहित भौरासा से रेहान पठान, अकील बेलिम, सद्दाम चिश्ती, आफताब आलम, एडवोकेट अजहर चिश्ती सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।अंत में साजिद चिश्ती ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।